>

Title: Need to start flight services from Chitrakoot in Uttar Pradesh - Laid

श्री आर. के. सिंह पटेल (बांदा): चित्रकूट धाम उत्तर प्रदेश में लाखों पर्यटक हर माह आते हैं । जिन्हें हवाई यात्रा की सुविधा न होने से पर्यटक परेशान होते हैं । चित्रकूट में हवाई अड्डे का निर्माण हो चुका है । यहॉ दिल्ली से खजुराहो वाया वाराणसी चलने वाली हवाई जहाज को चित्रकूट में भी पर्यटकों के लिए ठहराव किया जाए ताकि दिल्ली व अन्य स्थलों को आने जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिल सके ।

अतः भारत सरकार से मांग करता हूँ कि चित्रकूट हवाई अड्डे को आम जन जीवन की सुविधा के लिए यथाशीघ्र खोला जाए ।